तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

12 ब्लाक, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई ने पीएम ...

12 नीलगिरी-आम के पेड़ों से खतरे की आशंका




B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923
अंतिम तिथि-24/07/26

# माचकोट रेंज के बिलोरी में मिले अज्ञात वन्यप्राणी के पगचिन्ह, ग्रामीणों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



- वन विभाग थर्मल ड्रोन कैमरे से कर रहा निगरानी
- जंगलों की तरफ न जाने की ग्रामीणों से अपील

माचकोट परिक्षेत्र अंतर्गत बिलोरी गांव के नजदीकी जंगल में गुरुवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों को एक अज्ञात वन्यप्राणी के पंजों के निशान दिखाई दिए। सुबह के समय जंगल की ओर गए ग्रामीणों की नजर जैसे ही इन पदचिह्नों पर पड़ी, उन्होंने इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की विशेष टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। वन्यप्राणी की सटीक स्थिति और उसकी गतिविधियों का पता लगाने के लिए विभाग द्वारा पूरे इलाके में थर्मल ड्रोन कैमरे से सघन निगरानी की जा रही है। इलाके में किसी भी संभावित खतरे और अप्रिय घटना से बचाव के लिए वन विभाग ने ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्रवासियों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने सख्त हिदायत दी है कि जब तक स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हो जाती, तब तक कोई भी ग्रामीण लकड़ी बीनने, मवेशी चराने या अन्य किसी काम से बिल्लौरी और माचकोट से लगे जंगलों की तरफ न जाए। इसके साथ ही तड़के और देर रात के समय सुनसान रास्तों पर अकेले निकलने से बचने, बच्चों तथा बुजुर्गों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। पालतू मवेशियों को रात में खुले में छोड़ने के बजाय सुरक्षित बाड़े में बांधने की सलाह दी गई है। ग्रामीणों से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर फैलने वाली किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और कोई भी संदिग्ध गतिविधि या जानवर दिखाई देने पर खुद उसके पास जाने के बजाय तुरंत वन विभाग या स्थानीय पुलिस को सूचना दें। इस मामले की जांच वन परिक्षेत्र अधिकारी करपावंड सौरभ रजक की टीम जुटी हुई है।

### वन्यप्राणी की हरकत पर नजर

एसडीओ योगेश कुमार रात्रे ने बताया कि बिलोरी में वन्यप्राणी के पगचिन्ह मिला है, पर इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। इसके बाद भी आसपास गांवों में मुनादी की गई है। इसकी गतिविधि हाल ही में सीमावर्ती राज्य ओडिशा में भी दर्ज की गई थी। जिसके बाद से ही छत्तीसगढ़ और ओडिशा दोनों राज्यों के वन विभाग की संयुक्त टीमें अलर्ट मोड़ पर हैं। दोनों राज्यों के अधिकारी लगातार आपस में संपर्क बनाए हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### जगन्नाथ मंदिर में सात बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार



**जगदलपुर।** सिरासार चौक स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर इन दिनों गोंचा महापर्व के चलते श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मंदिर में गुरुवार को देवास पिता अनुज पांडे जगदलपुर, निलेश पाण्डेय पिता तरुण पांडे कोंडागांव, टिकेंद्र पाणिग्रही पिता स्व. उमेश पानीग्राही बम्हनी कोंडागांव, मनीष पांडे पिता खीरेंद्र पांडे गुनपुर, केतन पानीग्राही पिता खगेंद्र पानीग्राही आसना, खगेश पाढी, मनमोहन पाढी, पिता राजीव पाढी उड़ीसा। इन सभी बटुकों का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जगन्नाथ मंदिर में यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया। इस अवसर पर उनके परिजन मंदिर परिसर में उपस्थित थे।

## 5.83 लाख का गांजा जब्त, बस का इंतजार कर रहे दो आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर।** नगरनार थाना क्षेत्र स्थित ओडिशा बार्डर में बस का इंतजार कर रहे दो अंतर्राज्यीय तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 5.83 लाख रूपए का गांजा जब्त किया गया है जिन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। गांजा तस्करी की सूचना पर आरोपियों को गिरफ्तार करने एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। टीम को सूचना मिली थी कि आरोपी ओडिशा से गांजा लेकर रायपुर की ओर सप्लाई करने जाने वाले है तथा बस का ▸▸ शेष पेज 12 पर

## स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्सिंग और निजीकरण का विरोध



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासमिति के आह्वान पर बुधवार को दोपहर बस्तर संभाग के समस्त जिलों में जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में स्वास्थ्य विभाग में बढ़ती आउटसोर्सिंग एवं निजीकरण का विरोध करते हुए नियमित भर्ती किए जाने, ठेका प्रथा समाप्त करने, पैथोलॉजी सेवाओं को विभागीय व्यवस्था के अंतर्गत सुदृढ़ करने तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों की विभिन्न लंबित एवं न्यायोचित मांगों का शीघ्र निराकरण किए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। कर्मचारियों ने रैली निकालकर शासन की कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरुद्ध एकजुट होकर प्रदर्शन किया तथा अपनी मांगों के समर्थन में बुलंद आवाज उठाई। संघ ने शासन से ▸▸ शेष पेज 12 पर

**पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित**
**पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006**

**द्वितीय चरण**

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **द्वितीय चरण सत्र 2026-27** में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (Dialysis) डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| रायपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरायपाली | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| धमतरी | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| जगदलपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| बीजापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| कांकेर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| अंबिकापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| सूरजपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |

आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक | विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है |

नोट :-
1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे | साथ ही 55 रूपये का डाक टिकट लगा हूआ 10X4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे | (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा |
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे |
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है |
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है | अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि दें |

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 20.08.2026 तक |
आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-25.08.2026 तक |

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप**

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, प्रथम तल, मेहर हाइट्स, यश बिग बाजार एवं एसबीआई बैंक के पास, राज किशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495006
महोदय,
................ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ |
1. आवेदक का नाम ................ 2. पिता / पति ................
3. जन्म तिथि अंकों में ................ 4. वर्गः - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ................ पोस्ट ................ तहसील ................
थाना ................ जिला ................ पिन कोड ☐
मो. नं. 1 ................ मो. नं. 2 ................ वाट्सअप नं. ................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)



खबर संक्षेप

## किसानों को पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग



**कोण्डागांव।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआई जिला परिषद कोण्डागांव ने किसानों को निर्धारित मूल्य पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने आरोप लगाया कि किसानों को सहकारी समितियों में पर्याप्त उर्वरक नहीं मिल रहा है, जबकि निजी दुकानों में अधिक कीमत पर खाद बेची जा रही है। ज्ञापन में कहा गया कि खरीफ सीजन के दौरान किसानों को आवश्यक मात्र में उर्वरक नहीं मिलने से धान उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। इससे किसानों की आय पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। सीपीआई ने आरोप लगाया कि कई निजी विक्रेता निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक बेच रहे हैं, जिससे किसान मजबूरी में महंगा खाद खरीदने को विवश हैं। पार्टी ने जिला प्रशासन से पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने, अधिक मूल्य पर बिक्री पर रोक लगाने और किसानों की समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

## छात्राओं को कानूनी अधिकार साइबर सुरक्षा की दी जानकारी



**फरसगांव।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश खिलावन राम रिगरी के मार्गदर्शन एवं सचिव गायत्री साय के नेतृत्व में शासकीय कन्या हाई स्कूल फरसगांव में कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में छात्राओं को पॉक्सो एक्ट, बाल संरक्षण कानून, शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह, बाल श्रम, साइबर सुरक्षा, महिला एवं बाल सुरक्षा, गुड टच-बैड टच तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई। इस दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस सहायता 112/100 और महिला हेल्पलाइन 1091 की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में प्राचार्य राजीव नयन तिवारी, उप निरीक्षक संदीप कुमार सिंह, महिला प्रधान आरक्षक बीना मण्डावी, अधिकार मित्र धनबती कोर्राम सहित विद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# ब्लाक, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई ने पीएम एचएम और शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

ब्लॉक अध्यक्ष राजेश नेताम के नेतृत्व में युवा, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई ने दिल्ली में छात्रों पर हुए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान का बस स्टैंड में नारेबाजी कर पुतला फूंका।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन ने कहा कि दिल्ली में अपने अधिकारों की आवाज बुलंद कर रहे छात्रों पर दिल्ली पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा किया गया बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज महिला छात्रों का कपड़ा फाड़ना, पत्थर चलना लोकतंत्र को शर्मसार करने वाला है। कार्यकर्ताओं ने छात्रों के सम्मान, उनके अधिकारों और न्याय की लड़ाई में अपनी आवाज बुलंद करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश नेताम ने कहा कि आज कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा हमारे नेता राहुल गांधी द्वारा छात्रों की मांगों और उनके ऊपर हुए अत्याचार, शिक्षामंत्री की इस्तीफे की मांग को लेकर प्रधानमंत्री आवास के सामने धरना प्रदर्शन के दौरान किए व्यवहार के विरोध में बस स्टैंड में पीएम, एचएम व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया गया। इस दौरान महेन्द्र नेताम प्रदेश अध्यक्ष राजीव गाँधी पंचायती राज संगठन, ओम प्रकाश मरकाम उपाध्यक्ष जनपद पंचायत केशकाल, पिताम्बर नाग जिला युवा कांग्रेस,एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पप्पू मण्डावी, संजय मरकाम विधानसभा अध्यक्ष केशकाल, मण्डल अध्यक्षगण फिरोज मेमन,अमर सींग मरकाम, रमेश मण्डावी, पार्षदगण राजेंद्र ठाकुर, जितेंद्र रजक, सोहेल रजा, मोसिन खान अरुण अग्निहोत्री, सोनाऊ राम मण्डावी, जनपद सदस्य सुरेश कोर्राम, यशोदा सलाम उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस सरपंचगण माहेश्वरी हिंडको, संगीता नेताम, सुनील सलाम, मुकेश मण्डावी, सुमिरन सोरी, राकेश कुंजाम, बिजेश मरकाम, वल्ली मेमन,जितेंद्र मरकाम, गोकुल मरकाम , दिनेश नेताम, मुकेश नेताम, ओम नगवानी तुलाराम नेताम, लक्षण टेकाम,रतन मरकाम श्याम मरकाम, बबलू नेताम रवि नेताम प्रमोद नाग परशु मांडवी, सानों मांडवी,रमेश मांडवी,रामप्रसाद मांडवी संतोष मांडवी नयनार राजू सिन्हा, सतीश नाग , संजय मरकाम, सुरेश मरकाम, खिलेश्वर मरकाम, अमरसिह मांडवी ,शिव मरकाम, गन्नी मेमन, महेश साहू, अशोक टेकाम, धर्मेंद्र गावाड़े, प्रवेश मरकाम, लछु कोसरे, नरेश नेताम, रत्न मरकाम, सम्पत सिरदार, मन्नू राम नाग, आनंद नेताम, श्याम लाल नेताम, किशोर कुमेटी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### माकड़ी में कांग्रेस का विरोध-प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**फरसगांव/माकड़ी।** गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी माकड़ी ने गांधी चौक में विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार माकड़ी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग, परीक्षा प्रणाली में कथित अनियमितताओं, दिल्ली में छात्रों पर कथित लाठीचार्ज व दर्ज एफआईआर वापस लेने तथा विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी और लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन का विरोध दर्ज कराया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गौतम कुमार साहू ने कहा कि कांग्रेस जनहित, छात्रों, युवाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी।



## छात्रों पर कथित लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**फरसगांव।** दिल्ली में छात्रों पर कथित लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे बस स्टैंड में कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए छात्रों के समर्थन में आवाज बुलंद की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि छात्रों की मांगों को बल प्रयोग से दबाने के बजाय सरकार को उनसे संवाद करना चाहिए। उन्होंने घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वाले छात्रों की आवाज को दबाना उचित नहीं है। प्रदर्शन के दौरान पुतला दहन को लेकर पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच कुछ देर तक झूमाझटकी भी देखने को मिली। हालांकि बाद में स्थिति सामान्य हो गई और प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। प्रदर्शन में कांग्रेस के पदाधिकारी, युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर सीपीआई ने सौंपा ज्ञापन



**कोण्डागांव।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद ने प्रधानमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री से इस्तीफा लेने और 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों पर हुई पुलिस कार्रवाई की जांच की मांग की। ज्ञापन में सीपीआई ने आरोप लगाया कि संसद मार्च के दौरान शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों और उनके समर्थकों पर पुलिस द्वारा बल प्रयोग किया गया, जिससे कई लोग घायल हुए। पार्टी ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया। सीपीआई ने शिक्षा व्यवस्था और परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री की जवाबदेही तय करने की मांग की। ज्ञापन के साथ शिक्षा मंत्री के इस्तीफे का प्रारूप भी संलग्न किया गया। पार्टी ने प्रधानमंत्री से मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए शिक्षा व्यवस्था में सुधार और विद्यार्थियों की मांगों पर उचित निर्णय लेने का आग्रह किया। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नीलगिरी-आम के पेड़ों से खतरे की आशंका



**फरसगांव।** ब्लॉक कॉलोनी स्थित शासकीय मकान क्रमांक बी-02 के समीप लगे विशालकाय नीलगिरी एवं आम के पेड़ों को लेकर वार्डवासियों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, वन विभाग, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, विद्युत विभाग, तहसीलदार, नगर पंचायत अध्यक्ष, पटवारी तथा संबंधित पार्षद को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में बताया गया है कि पेड़ काफी पुराने और विशाल हो चुके हैं। तेज आंधी-तूफान व भारी बारिश के दौरान इनके मकानों पर गिरने की आशंका बनी रहती है, जिससे जनहानि और संपत्ति के नुकसान का खतरा है। साथ ही नीलगिरी के पेड़ की कई शाखाएं टूटकर ऊपर लटकी हुई हैं, जो बच्चों तथा आम लोगों के लिए दुर्घटना का कारण बन सकती हैं। वार्डवासी कृष्ण कुमार कावड़े, गजेंद्र धरमगुडी, दिनेश बघेल, रविंद्र नेताम, खेलन और जयमनी बघेल का कहना है कि इस संबंध में पूर्व में भी कई बार उच्च अधिकारियों को आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक पेड़ों की कटाई या आवश्यक छंटाई नहीं की गई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि संभावित दुर्घटना को रोकने के लिए जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई कर संभावित हादसे को टालने की मांग की है।

# 30 पंचायत सचिवों से 3.19 करोड़ की रिकवरी, 45 दिन में वसूलने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

- करोड़ों के निर्माण कार्यों में वित्तीय अनियमितता पर कार्रवाई
- निर्माण राशि निकालकर काम अधूरे छोड़ने वाले सचिवों पर कसा शिकंजा



अबूझमाड़ से लेकर जिला मुख्यालय तक ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपये के निर्माण कार्यों के आवंटन और क्रियान्वयन को लेकर लंबे समय से उठ रहे सवालों के बीच जिला पंचायत ने बड़ी कार्रवाई की है। जिपं सीईओ द्वारा जारी आदेश में 30 ग्राम पंचायत सचिवों से कुल 3 करोड़ 19 लाख 67 हजार रुपए की रिकवरी के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों को 45 दिनों के भीतर राजस्व वसूली प्रमाण-पत्र आरआरसी जारी कर पूरी राशि वसूलने का आदेश दिया गया है। जिला पंचायत के आदेश के अनुसार, कई पंचायत सचिवों ने निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृत शासकीय राशि का आहरण कर लिया, लेकिन निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य पूरे नहीं किए। विभागीय जांच में वित्तीय अनियमितताएं पाए जाने के बाद संबंधित सचिवों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम एवं सिविल सेवा आचरण नियमों के तहत कार्रवाई प्रारंभ की गई है।

### आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी

प्रशासनिक हलकों में चर्चा है कि पहले प्रभावशाली संरक्षण के कारण कई मामलों में कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पाती थी, लेकिन जिला पंचायत की वर्तमान सख्ती के बाद वर्षों से लंबित मामलों में अब रिकवरी की कार्रवाई शुरू हो गई है। अधिकारियों का कहना है कि सरकारी धन का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# हरवेल स्कूल में छात्रसंघ चुनाव संपन्न, पदाधिकारियों ने ली शपथ



**केशकाल।** विधानसभा अंतर्गत विकासखण्ड बड़ेराजपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरवेल में 22 जुलाई को छात्रसंघ चुनाव संपन्न हुआ। मतदान की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से दोपहर 1.45 तक और मतगणना दोपहर 2.15 से 3.15 बजे तक हुई। चुनाव परिणाम दोपहर 3.30 बजे घोषित किया गया। चुनाव के बाद विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें पीठासीन अधिकारी रामसाय नाग, मतदान अधिकारी 01 गुलशन मरकाम, मतदान अधिकारी 02 लोकेश्वर दास बारले, मतदान अधिकारी 03 - संदीप कोर्राम, मतदान पेटी प्रभारी राजकुमार मरकाम रहे। इस मौके पर संस्था के प्राचार्य शंभू राम सूर्यवंशी ने बच्चों को चुनाव की प्रक्रिया और वास्तविकता से परिचय कराया और अपना मार्गदर्शन दिया। साथ ही वरिष्ठ व्याख्याता जयराम मरकाम ने छात्रसंघ की महत्ता पर प्रकाश डाला। निर्वाचित पदाधिकारियों में शाला नायक के रूप में ललिता, उपशाला नायक नितेश, शाला सचिव रितिमा तथा उपशाला सचिव ओमप्रकाश चुने गए। इसी प्रकार अनुशासन प्रभारी संथीला, उप अनुशासन प्रभारी करिश्मा नेताम, सांस्कृतिक प्रभारी साधना, उप सांस्कृतिक प्रभारी यशोदा, क्रीड़ा प्रभारी बबलू, उप क्रीड़ा प्रभारी संतोषी, सफाई प्रभारी रेखा, उप सफाई प्रभारी अंजली, खोया-पाया प्रभारी प्रहलाद, उप खोया-पाया प्रभारी गुलशन, स्वास्थ्य प्रभारी लच्छीन, उप स्वास्थ्य प्रभारी करिश्मा नाग, जल प्रभारी जागेत्री तथा उप जल प्रभारी नंदनी यादव निर्वाचित हुए। विद्यालय प्रबंधन ने सभी निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि वे अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं निष्ठा से निर्वहन करेंगे तथा विद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुनी गई बाल संसद और पद्मावती बनीं प्रधानमंत्री



**कोण्डागांव।** विकासखंड माकड़ी के शासकीय उच्च प्राथमिक शाला डोंगरीगुड़ा, बिंजोली में बाल संसद का चुनाव लोकतांत्रिक एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। विद्यार्थियों ने मतदान कर लोकतंत्र की प्रक्रिया को समझते हुए अपने प्रतिनिधियों का चयन किया। चुनाव में विद्यार्थियों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन दाखिल किया। मतदान के माध्यम से अपने प्रतिनिधियों का चयन किया। पूरी चुनाव प्रक्रिया शिक्षकों की निगरानी में निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई। बाल प्रधानमंत्री पद के लिए राजकुमार और कुमारी पद्मावती को समान मत मिले। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत ग्राम सरपंच चंदूलाल बघेल ने टॉस कराया, जिसमें कुमारी पद्मावती विजयी घोषित हुईं। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद शिक्षा मंत्री, पर्यावरण मंत्री, खेल मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और संस्कृति मंत्री सहित सभी निर्वाचित बाल प्रतिनिधियों ने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, उत्तरदायित्व और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित होती है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, शिक्षक, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 31 जुलाई तक पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

खरीफ मौसम 2026 में किसानों की फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिला प्रशासन ने किसानों से 31 जुलाई 2026 तक योजना में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने की अपील की है, ताकि विपरीत परिस्थितियों में होने वाले नुकसान की भरपाई सुनिश्चित हो सके।

उप संचालक कृषि कार्यालय के अनुसार योजना का लाभ जिले के सभी ऋणी एवं अऋणी किसानों, भू—धारकों तथा बटाईदार किसानों को मिलेगा। धान सिंचित एवं असिंचित, मक्का और सोयाबीन के लिए ग्राम स्तर को बीमा इकाई बनाया गया है, जबकि कोदो, कुटकी, रागी, मूंगफली, तुअर अरहर, मूंग और उड़द के लिए राजस्व निरीक्षक मंडल को बीमा इकाई निर्धारित किया गया है। योजना के अंतर्गत कम वर्षा, सूखा, बुवाई एवं अंकुरण विफलता, ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटना, आकाशीय बिजली तथा अन्य स्थानीय प्रा—तिक आपदाओं से फसल को होने वाले नुकसान का बीमा संरक्षण मिलेगा। इसके अलावा कटाई के बाद अधिकतम दो सप्ताह तक चक्रवात, चक्रवाती वर्षा एवं बेमौसमी बारिश से हुई क्षति भी योजना के दायरे में शामिल होगी। जिला प्रशासन ने जिले के सभी किसानों से समय रहते प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पंजीयन कराने की अपील करते हुए कहा है कि यह योजना प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

### // शपथ पत्र //

मैं **ब्र.उमेश्वरचैतन्य** उम्र- 39 वर्ष (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) **सुपुत्र**/ सुपुत्री/ पत्नी **कंचन सिंह राजपूत** निवासी- **आश्रम वार्ड सोनपुर रोड, नारायणपुर तहसील व जिला नारायणपुर** एतद् द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करता/करती हूं तथा निम्नानुसार घोषित करता/करती हूं।

1. मैं **आश्रम वार्ड सोनपुर रोड, नारायणपुर तहसील व जिला नारायणपुर** का/की स्थायी निवासी हूं।
2. मेरा पुराना नाम **ब्र.उमेश्वरचैतन्य** है और मैं अपना नाम बदलकर **स्वामी उमेशानंद (Swami Umeshananda)** (नया नाम) करवाना चाहता/चाहती हूं।
3. मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।
4. मैं नाम बदलकर यदि कोई, गैर कानूनी काम करता/ करती हूं तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा/ रही हूं तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा/रही हूं।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं **ब्र.उमेश्वरचैतन्य** उम्र- 39 वर्ष (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) **सुपुत्र**/ सुपुत्री/ पत्नी **कंचन सिंह राजपूत** निवासी- **आश्रम वार्ड सोनपुर रोड, नारायणपुर तहसील व जिला नारायणपुर** शपथकर्ता/ शपथकर्ती सत्यापित करता/ करती हूं कि शपथ पत्र कि कंडिका 1 से 5 तक की बातें सत्य व सही है। आज दिनांक- 21/07/2026 को नारायणपुर में अपना हस्ताक्षर किया हूँ।

शपथकर्ता

# कलेक्टर ने मिनी स्टेडियम के निर्माण कार्यों का लिया जायजा



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने मंडी परिसर में प्रस्तावित मिनी स्टेडियम और बड़े कनेरा मार्ग स्थित निर्माणाधीन स्टेडियम का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने तकनीकी पहलुओं की जानकारी लेते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को मिनी स्टेडियम का निर्माण शीघ्र प्रारंभ कराने तथा कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महात्मा गांधी वार्ड स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर पीएम श्री विद्यालय में प्राथमिक कक्षाओं की समुचित व्यवस्था, भूमि से अतिक्रमण हटाने तथा राम मंदिर के समीप स्थित तालाब एवं गार्डन में साफ—सफाई और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पेज 11 का शेष

### 5.83 लाख का गांजा...

इंतजार कर रहे है। सूचना पर पुलिस टीम धनपुंजी फारेस्ट नाका के पास पहुंचकर तस्दीक किये जहां दो व्यक्ति बस का इंतजार करते मिले। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम ललित कुशुलिया निवासी बोडोगुड़ा हांडा पंचायत पाईकोडाकोगुड़ा थाना मनीगुड़ा जिला रायगढ़ा ओडिशा व बिरन्ची गोरोडिया निवासी सिकोबंदो पंचायत पाईकोडाकोगुड़ा थाना भिसमकटक जिला रायगढ़ा ओडिशा के रहने वाला बताए। दोनों के कब्जे से बैग में रखा 10 पैकेट कुल 11.673 किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख 83 हजार 650 रूपए आंकी गई है।

दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड जेल भेजा गया। गांजा तस्करों को गिरफ्तार करने में नगरनार थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के अलावा एसआई सतीश यदुराज, एएसआई जदूराम बघेल, प्रधान आरक्षक अजय साहू, आरक्षक नरेश कश्यप, दशरू नाग, विक्रम उरांव व नव आरक्षक अविनाश मांझी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### स्वास्थ्य विभाग में...

मांग की है कि स्वास्थ्य सेवाओं के हित एवं कर्मचारियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सभी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए, अन्यथा संगठन आगामी समय में व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस अवसर पर शकील खान संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष, हनुमंत राव प्रांतीय संगठन सचिव, होमेश कुमार पांडेय, जिला अध्यक्ष बस्तर रीमा दानी, माखन लाल सोरी, ओपी उइके, मनीष देवांगन जिला अध्यक्ष सीएचओ प्रकोष्ठ, शिव त्रिपाठी, सुनील लिमजे, गुलाब दीवान, हरीश दीवान, झरना बर्मन, अंजू साहू, चमेली नेताम, सुकृती पांडेय, अरुण पाणिग्राही, ममता नेताम, भजन कश्यप, आनंद कंवर आदि उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### ज्योति राव के भजनों से गूंजा गुंडिचा मंदिर परिसर



**दंतेवाड़ा।** शहर के बस स्टैंड स्थित गुंडिचा मंदिर (भगवान जगन्नाथ के मौसी का घर) में आयोजित भव्य भजन संध्या में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान जगन्नाथ की भक्ति में लीन होकर देर रात तक भजनों का आनंद लेते रहे। पूरे मंदिर परिसर में जय जगन्नाथ के गगनभेदी जयघोष लगातार गूंजते रहे, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। भजन संध्या में शिव शक्ति भजन मंडली की मुख्य गायिका ज्योति राव ने अपनी टीम के साथ भजन की प्रस्तुति दी। भगवान जगन्नाथ, श्रीकृष्ण और अन्य देवी-देवताओं की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। ज्योति राव की मधुर आवाज़, भावपूर्ण गायकी ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कई भजनों पर श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच लगातार जय जगन्नाथ के जयकारे लगाते रहे। ज्योति राव की प्रस्तुतियों ने पूरे कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

### नवनियुक्त एल्डरमैनों का शपथ ग्रहण



**गीदम।** नगर पंचायत गीदम में लोकतांत्रिक परंपराओं, जनसेवा के संकल्प और विकास के नए उत्साह के साथ नव-नियुक्त एल्डरमैनों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में जितेंद्र गुप्ता, उरदो ठाकुर एवं छेदीलाल गुप्ता ने विधिवत एल्डरमैन पद की शपथ ग्रहण कर संविधान के प्रति अपनी अटूट निष्ठा व्यक्त करते हुए नगरवासियों की सेवा, नगर के समग्र विकास तथा जनहित के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत गीदम की पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय पांचीदेवी सुराना की पुण्य स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर किया गया।

# घर वापसी से स्कूलों को राहत, लेकिन कार्यालयों में बढ़ी परेशानी

लीलाधर राठी ⏭ सुकमा

सुकमा जिले में स्कूल शिक्षा विभाग के तहत जिला मुख्यालय से करीब डेढ़ दर्जन कर्मचारियों को उनके मूल विभाग में रिलीव किए जाने के बाद जहां स्कूलों में शिक्षकों की उपलब्धता बढ़ने की उम्मीद जगी है, वहीं दूसरी ओर जिला शिक्षा कार्यालय और तीनों विकासखंड शिक्षा कार्यालयों में कामकाज प्रभावित होने लगा है। कई महत्वपूर्ण शाखाओं में कर्मचारियों की कमी के कारण आम नागरिकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

- वैकल्पिक व्यवस्था के बिना डेढ़ दर्जन कर्मचारियों की वापसी से कामकाज प्रभावित

## वरिष्ठ अधिकारियों को कार्य में करने में हो रही है दिक्कत



### शासन के आदेश का इंतजार



कर्मचारियों की कमी के वजह से कार्य प्रभावित होने की बात स्वीकार करते हुए जिला शिक्षाधिकारी जीआर मंडावी ने कहा कि शासन के आदेशानुसार संलग्न सभी कर्मचारियों को रिलीव कर दिया गया है। और जैसे ही शासन से आदेश मिलेगा उसके हिसाब से आगे की कार्रवाई की जावेगी।

### रवानगी से पहले होनी थी वैकल्पिक व्यवस्था

जानकारी के अनुसार वर्षों से जिला एवं विकासखंड स्तर के कार्यालयों में संलग्न शिक्षकीय कर्मचारियों को शासन के निर्देश पर वापस स्कूलों में भेज दिया गया है। इस निर्णय का उद्देश्य विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर करना है, लेकिन कर्मचारियों की रवानगी से पहले वैकल्पिक व्यवस्था नहीं किए जाने के कारण कार्यालयों में कार्य का दबाव अचानक बढ़ गया है।

### कार्य होने लगे प्रभावित

जिला मुख्यालय के कई अनुभागों में फाइलों का निपटारा धीमा पड़ गया है। प्रमाण पत्र, सेवा संबंधी प्रकरण, वेतन, पेंशन, स्थापना और अन्य प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वहीं तीनों विकासखंड शिक्षा कार्यालयों में भी कर्मचारियों की कमी के कारण दैनिक कार्यों में बाधा आ रही है और दूर-दराज से आने वाले लोगों को बिना काम के लौटना पड़ रहा है।

### आखिर शिक्षकों के बीच से ही तो बनेंगे अधिकारी

अधिकारियों का मानना है कि यदि नई पदस्थापना या वैकल्पिक कर्मचारियों की व्यवस्था पहले कर दी जाती, तो न तो कार्यालयों का काम प्रभावित होता और न ही आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ती। आखिरकार भविष्य में जिन पदों पर नियुक्ति होनी है, वे भी शिक्षकों के बीच से ही की जानी है। ऐसे में चरणबद्ध तरीके से रिलीविंग और समानांतर वैकल्पिक व्यवस्था अधिक व्यावहारिक कदम साबित हो सकती थी। अब कर्मचारी संगठनों और आम नागरिकों की मांग है कि जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग शीघ्र वैकल्पिक व्यवस्था कर कार्यालयों के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करें, ताकि स्कूलों की व्यवस्था भी मजबूत हो और प्रशासनिक कार्य भी बिना बाधा जारी रह सकें।

### 17 की हुई घर वापसी

सुकमा जिले की बात करे तो शिक्षा विभाग में कुल 17 शिक्षकों को अपने मुल पदस्थापना स्कुलों मे रवाना किया गया है। जानकारी अनुसार जिला मुख्यालय में पदस्थ 1 एडीओपी, माध्यमिक स्तर के 2 एपीसी व अन्य 3 एपीसी, 3 बीआरसी, 2 एबीओ व 5 लिपिकों को अपने मुल पदस्थाना स्थान भेजा गया है। वही सुकमा में डीएमसी का भी पद रिक्त है जहां फिलहाल जिला शिक्षाधिकारी ही प्रभार संभाले हुए है।

## कलेक्टर ने छात्रावास पहुंच जानी जमीनी हकीकत

# छात्राओं से हुआ सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

अधिकारियों व कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कलेक्टर अमित कुमार ने कहा कि छात्रावासों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से दुरुस्त की जाएं।

जिले में शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और छात्र-केंद्रित बनाने की दिशा में कलेक्टर अमित कुमार लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं। प्रशासनिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ वे स्वयं जमीनी स्तर पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

- कलेक्टर ने व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश

### धरातल पर औचक निरीक्षण

बुधवार को कलेक्टर अमित कुमार ने कोंटा विकासखंड मुख्यालय स्थित पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास, बालक छात्रावास इंजरम तथा बिरला बालिका छात्रावास कोंटा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ मुकुंद ठाकुर एवं सहायक आयुक्त हेमंत सिन्हा भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्रावासों में संधारित पंजियों, उपस्थिति रजिस्टर एवं अन्य अभिलेखों का बारीकी से परीक्षण किया। उन्होंने बिजली, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा, भोजन व्यवस्था तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार से जायजा लिया। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि छात्रावासों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से दुरुस्त की जाएं।

उन्होंने छात्राओं को खुलकर अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया, जिससे छात्राओं ने बिना किसी संकोच के अपनी आवश्यकताओं और समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।




### निरीक्षण से दिखी संवेदनशील कार्यशैली

दूरस्थ और आदिवासी अंचलों में शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए कलेक्टर अमित कुमार लगातार स्कूलों और छात्रावासों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। उनकी यही सक्रिय और संवेदनशील कार्यशैली यह संदेश देती है कि जिला प्रशासन केवल कार्यालयों तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों की वास्तविक समस्याओं को समझकर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनना और तत्काल कार्रवाई के निर्देश देना उनकी जनहितैषी एवं जवाबदेह प्रशासनिक शैली का परिचायक है।

### सुनी मन की बात

कलेक्टर अमित कुमार के कोंटा दौरे के दौरान उनकी कार्यशैली का सबसे महत्वपूर्ण पहलू उनका विद्यार्थियों से सीधा संवाद रहा। उन्होंने छात्राओं के बीच बैठकर आत्मीयता से उनकी पढ़ाई, भोजन की गुणवत्ता, रहने की व्यवस्था और दैनिक समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर ने सभी बातों को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### नियमित निगरानी के निर्देश

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि छात्रावासों में अध्ययनरत प्रत्येक विद्यार्थी को सुरक्षित, स्वच्छ और प्रेरणादायक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देशित किया कि भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, पेयजल, बिजली और अन्य आवश्यक सुविधाओं की नियमित निगरानी की जाए, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कलेक्टर अमित कुमार का यह औचक निरीक्षण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, छात्र-छात्राओं का विश्वास जीतने और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की उनकी प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया।

# बीईओ ने किया आत्मानंद स्कूल का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

बस्तर जिले के शैक्षणिक संस्थाओं में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने और छात्र-छात्राओं को बेहतर परिणाम के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से बस्तर विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन ने पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बस्तर का औचक निरीक्षण किया।

बीईओ ने विद्यालय के सभी कक्षों में जाकर बच्चों से पढ़ाई के संबंध में चर्चा की, कॉपियां जांची और नियमित अध्ययन के लिए प्रोत्साहित किया। छोटे बच्चों से मिलकर उन्हें खेल-खेल में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने की सलाह दी। इस दौरान बच्चों ने बीईओ को पोयम भी सुनाई। वहीं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष किरण सेठिया, उपाध्यक्ष जितेंद्र तिवारी एवं प्रभारी प्राचार्य कुलेश्वर यादव उपस्थित रहे। बीईओ ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि पांचवीं और आठवीं के विद्यार्थियों को नवोदय विद्यालय में चयन के लिए विशेष तैयारी कराई जाए ताकि अधिक से अधिक बच्चे चयनित हो सकें। उन्होंने कहा कि जिले में आठवीं, 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष अच्छा परिणाम आया है। आगामी वर्ष में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अभी से तैयारी शुरू की जाए। बीईओ ने विद्यालय में शेड के नीचे बन रहे मध्यान भोजन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने रसोइयों को गुणवत्तापूर्ण भोजन बनाने, लकड़ी के स्थान पर गैस सिलेंडर का उपयोग करने और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। साथ ही बच्चों के बैठकर भोजन करने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

### योजना की दी जानकारी

निरीक्षण के दौरान बीईओ ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना एनएमएमएस के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित यह महत्वाकांक्षी योजना आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी विद्यार्थियों को कक्षा 8वीं के बाद पढ़ाई जारी रखने के लिए कक्षा 9वीं से 12वीं तक छात्रवृत्ति प्रदान करती है।

# लाठीचार्ज के विरोध में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मद्देड़

नई दिल्ली के जंतर-मंतर मैदान में शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे निहत्थे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और पुलिसिया दमनकारी कार्रवाई के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मद्देड़ ने मोर्चा खोल दिया है।

- छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का हल्लाबोल

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज कुमार यालम के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार मद्देड़ के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर केंद्र सरकार के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया।

ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार और दिल्ली पुलिस द्वारा जंतर-मंतर पर जनहित और छात्रों के मुद्दों को लेकर आवाज उठा रहे राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, छात्रों और युवाओं पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया गया, जो कि पूरी तरह अलोकतांत्रिक और निंदनीय है। परीक्षा में हुई व्यापक अनियमितताओं और व्यवस्थागत विफलताओं की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तत्काल अपने पद से इस्तीफा दें।



देश के लाखों छात्रों और युवाओं के भविष्य को खतरे में डालने वाली धांधलियों पर संसद में तुरंत विशेष चर्चा कराई जाए। नई दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान छात्रों व आंदोलनकारियों पर दर्ज किए गए सभी आपराधिक मामले और एफआईआर तुरंत वापस लिए जाएं।

### प्रदर्शन के दौरान ये रहे उपस्थित

ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनोज यालम, जिला कमेटी उपाध्यक्ष सुनील उद्दे, मिच्चा मुत्तेया , चापा सरिता, मनोज कासोजी, कामेश मोरला, तलाण्डी ईस्तारी, सोडी सुरेश, करतम बाबू, पेरे रामाराव, सरस्वती, चापा बक्षी, मिच्या सुनिता, संजय झाड़ी, पालदेव रामास्वामी, पेरे अनन्दराव, वट्टल शीन्नू, वासम नागेश, ममता गरगे, सकुंतला मड़े, कमला लम्बोडी, मड़े चंद्रैया सहित स्थानीय कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## कांग्रेस ने धरना-प्रदर्शन कर किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल

आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी किरंदुल के तत्वावधान में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ हुए दुर्व्यवहार, लोकतांत्रिक मूल्यों पर हो रहे लगातार हमलों तथा जनविरोधी नीतियों के विरोध में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर सभी ने लोकतंत्र, संविधान एवं विपक्ष की आवाज़ को दबाने के प्रयासों का पुरज़ोर विरोध करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र राय, नपं उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी, पार्षद बाल सिंह कश्यप, अमृत टंडन, बिप्लव मल्लिक, कमलेश वर्मा, आर राजू, आशिफ सिद्दीकी, दीपक गोस्वामी, नसीम, शेख आजाद,दिनेश प्रसाद, काजल आनंद, जय रेड्डी, सृजन, अशोक भास्कर, अमन साहा, सारांश, रितेश अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# युवाओं ने भाजपा का थामा दामन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा की उपस्थिति में आज दंतेवाड़ा जिले की ग्राम पंचायत धुरली में सदस्यता एवं युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्र के लगभग 300 युवाओं ने भाजपा का दामन थामा।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुई। प्रदेश अध्यक्ष के मंच पर पहुंचते ही युवाओं में भारी उत्साह देखा गया। उन्होंने सभी नए सदस्यों को भाजपा का गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के नए आयाम छू रहा है। दंतेवाड़ा के युवा अब बदलाव के वाहक बन रहे हैं। आप सभी की ऊर्जा और समर्पण से संगठन और मजबूत होगा। केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

उन्होंने युवाओं से सीधे चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा एक परिवार है और हर कार्यकर्ता इस परिवार की रीढ़ है। कार्यक्रम में विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मूडामी, नविन विश्वकर्मा, अभिमन्यु सोनी, रामु नेताम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, ओजस्वी मंडावी, सत्यजीत चौहान, कुणाल ठाकुर, पियूष सिंह, लोकेश साहू, अनु ठेठवार, कीर्ति पाढी, विकास दुआ, वीरेश मिश्रा, भावना परघानिया, विनय राजू, कामों कुंजाम, निखिल नाग, राम प्रसाद मौर्य, सत्यम झा प्रदेश भाजपा एवं मोर्चा के समस्त जिला एवं मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नीट पेपर लीक मामला: कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोरनापाल



देशभर में चर्चित नीट पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस ने दोरनापाल में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दोरनापाल के तत्वावधान में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की। धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष माड़वी देवा ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि नीट जैसी देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा में पेपर लीक की घटना ने लाखों छात्रों और उनके परिवारों का भरोसा तोड़ा है। वर्षों की मेहनत और तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है, जिसके लिए जिम्मेदार लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार परीक्षा प्रणाली को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते प्रभावी कदम उठाए गए होते तो ऐसी घटनाएं सामने नहीं आतीं। नेताओं ने कहा कि देश के युवाओं का भविष्य किसी भी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होना चाहिए, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में छात्रों का विश्वास लगातार कमजोर हो रहा है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस ने मांग की कि नीट पेपर लीक प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। मामले में शामिल सभी आरोपियों, दलालों और साजिशकर्ताओं के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए जिससे भविष्य में किसी भी राष्ट्रीय परीक्षा की गोपनीयता से समझौता न हो। नेताओं ने परीक्षा प्रणाली में तकनीकी सुरक्षा बढ़ाने, जवाबदेही तय करने और दोषियों को शीघ्र सजा दिलाने की भी मांग उठाई। वक्ताओं ने कहा कि देश के लाखों छात्र कठिन परिश्रम और उम्मीदों के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होते हैं।

यदि परीक्षा प्रक्रिया ही संदिग्ध हो जाए तो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का मनोबल टूटता है और शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के लिए पार्टी सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष जारी रखेगी और जब तक दोषियों को सजा तथा छात्रों को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक आवाज उठाती रहेगी।

# प्रतिभाओं को मंच देगा द ह्यूमन एडिट

## 27 जुलाई को ओपन वर्डिक्ट के पहले सीजन का पहला एपिसोड

**जगदलपुर।** अगर आपके पास कोई हुनर है, या आप सिर्फ़ खुद को एक नए अंदाज में आज़माना चाहते हैं, तो द ह्यूमन एडिट आपको मंच प्रदान कर रहा है अपनी प्रतिभा दिखाने का। इस हेतु रजिस्ट्रेशन 25 तारीख तक किया जा सकेंगे। द ह्यूमन एडिट का मानना है कि जगदलपुर बस्तर को ऐसे मनोरंजन और कम्युनिटी प्लेटफ़ॉर्म की ज़रूरत है, जहाँ युवा खुलकर अपनी बात रख सकें, अपने आत्मविश्वास को बढ़ा सकें, नए लोगों से जुड़ सकें और एक सकारात्मक नेटवर्क का हिस्सा बन सकें।

बिजनेस साइट

ओपन वर्डिक्ट केवल एक शो नहीं, बल्कि एक ऐसा प्रयास है जो शहर के युवाओं को एक मंच, एक पहचान और एक मज़बूत कम्युनिटी देने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। 27 जुलाई की शाम 6 बजे बस्तर आर्ट गैलरी में ऑडिशन में सिलेक्ट प्रतिभाओं को मंच दिया जाएगा जहां वो हजारों रुपए की राशि जीत सकते है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. - 214/अ-6/2025-2026

**-: उद्घोषणा :-**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक अमित कुमार दीक्षित पिता स्व. अशोक दीक्षित निवासी गुरूद्वारा रोड शांतिनगर वार्ड फ्रेजरपुर जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. द्वारा नगर जगदलपुर के मोहल्ला नयापारा भूमि स्थित शीट नं. 63 प्लाट न. 8/27 क्षेत्रफल 96 वर्गफुट, भूमि वार्षिक भू-भाटक 1137.00 रुपये की भूमि खातेदार संतोष कुमार दीक्षित पिता राम अवतार दीक्षित के नाम पर नजूल मेन्टनेंस खसरा में दर्ज है । आवेदक द्वारा उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख क्रमांक A1/550 दिनॉक 26/05/2026 द्वारा भूमि क्रय करने के फलस्वरुप खातेदार/विक्रेता का नाम विलोपित कर आवेदक क्रेता का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है ।

उक्त नामांतरण में यदि किसी को भी कोई आपत्ति/दावा हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 24/07/2026 तक इस न्यायालय में आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि उपरांत प्राप्त आक्षेप पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

अतः आज दिनांक 10/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी
जगदलपुर

**न्यायालय तहसीलदार, एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26

**// उद्घोषणा पत्र //**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अन्नमला पिता स्व. केशवन निवासी इन्दिरा वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि अपने माता स्व. तुलसी पति स्व. केशवन निवासी इन्दिरा वार्ड जगदलपुर का मृत्यु दिनांक 25/05/2013 को निवास स्थान शहर निवासी इन्दिरा वार्ड जगदलपुर में हुआ है आवेदक किसी कारण से अपने माता का मृत्यु 25/05/2013 को मुख्य नगर पालिक अधिकारी जगदलपुर/उप पंजीयक ग्राम पंचायत जगदलपुर के अभिलेख में दर्ज नहीं करा पाया था। वर्तमान में आवेदक को अपने माता का मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता है उक्त संबंध में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सरपंच/पार्षद का प्रमाण पत्र, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन पत्र पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह अपनी आपत्ति न्यायालय में सुनवाई तिथि 04/08/2026 तक स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि के पश्चात् प्रस्तुत दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई अथवा विचार नहीं की जावेगी।

उद्घोषणा पत्र आज दिनांक 20.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार (नजूल)
जगदलपुर

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय वन महोत्सव आज

**जगदलपुर।** वन विभाग की ओर से 24 जुलाई को धरमपुरा स्थित इंजीनियरिंग महाविद्यालय परिसर एवं मोरठपाल में वन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके मुख्य अतिथि वन मंत्री केदार कश्यप रहेंगे।

### छात्रों पर हुए लाठीचार्ज पूरी तरह गलत

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य मदरसा बोर्ड के पूर्व सदस्य एवं



कांग्रेस नेता अनवर खान ने छात्रों के साथ हुए लाठी चार्ज की कड़े शब्दों में निंदा कर मोदी सरकार पर प्रहार किया और कहा जब शिक्षा सड़क पर हो और सत्ता खामोश तब सवाल सिर्फ एक आंदोलन का नही पूरे राष्ट्र की प्राथमिकताओं का होता है। किसी देश की सबसे बड़ी ताकत उसकी इमारतें नहीं, बल्कि उसके युवाओं के सपने और उनका भविष्य होता है। जब छात्रों को किताबें छोड़कर अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरना पड़े, तो यह केवल शिक्षा का नहीं, बल्कि पूरे देश के भविष्य का सवाल बन जाता है। श्री खान ने कहा कि युवाओं की आवाज सुनना, उनके सपनों को सम्मान देना और उन्हें बेहतर अवसर देना ही एक मजबूत और विकसित राष्ट्र की पहचान है, जिसे पूरा करने में मोदी सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है। छात्रों की मांगें तत्काल पूरी हो उनके भविष्य और न्याय पर कोई समझौता नहीं। देश का छात्र आज कांग्रेस के साथ मजबूती से खड़ा है, क्योंकि यह लड़ाई केवल नीट या किसी एक परीक्षा की नहीं, बल्कि करोड़ों युवाओं के भविष्य, समान अवसर और न्याय की लड़ाई है।

### शालाओं में शिक्षक नहीं बच्चों की पढ़ाई प्रभावित

**जगदलपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों ने जिले की शैक्षणिक व्यवस्था में व्याप्त समस्याओं को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग की। संगठन ने कहा कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है। कई स्कूलों में शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और शिक्षा की गुणवत्ता लगातार गिर रही है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि अनेक विद्यालयों में भवनों की स्थिति जर्जर है, शौचालयों का अभाव है या वे उपयोग योग्य नहीं हैं। पेयजल, बैठने की व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यूनियन ने शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त इन कमियों पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। जिला अध्यक्ष रमेश गोयल ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि सभी विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक, आवश्यक संसाधन तथा बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष जगतू राम कश्यप, मंडल अध्यक्ष बबलू बघेल, जिला उपाध्यक्ष बलिराम पुजारी, संगठन मंत्री जगन्नाथ देवांगन, संभागीय प्रभारी सोनू राम कश्यप, आर. के. कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कुलपति ने एनएसयूआई के छात्र नेताओं के खिलाफ थाना में किया एफआईआर

## जिला अध्यक्ष ने कुलपति के तानाशाही रवैये को छात्र हित के विपरीत बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एनएसयूआई बस्तर जिलाध्यक्ष विशाल खंबारी ने प्रेस विज्ञप्ति में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय प्रशासन के रवैये पर विरोध जताते कहा कि वर्तमान में पूरा देश एक विशाल छात्र आंदोलन का गवाह बन रहा है। युवा और छात्र अपने हक, बेहतर शिक्षा और सुरक्षित भविष्य की मांग को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाते हैं, तो सत्ता के नशे में चूर प्रशासन आवाज, उनके अधिकार और जज्बे को कुचलने का प्रयास करता है। इसी दमनकारी और फासीवादी नीति का एक ज्वलंत उदाहरण विश्वविद्यालय में देखने को मिला है, जहां कुलपति मनोज श्रीवास्तव ने छात्रों की न्यायसंगत आवाज को दबाने का निंदनीय कृत्य किया है। एनएसयूआई का स्पष्ट मानना है कि ऐसे छात्र-विरोधी कुलपति को अपने पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है उन्हें तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए।





### संभाग स्तरीय विवि घेराव 28 को

छात्र नेताओं पर दर्ज की गई इस फर्जी एफआईआर के कड़े विरोध में तथा विश्वविद्यालय परिसर में व्याप्त प्रशासनिक व शैक्षणिक अनियमितताओं को लेकर 28 जुलाई को विश्वविद्यालय का घेराव किया जाएगा। जिला अध्यक्ष खंबारी ने स्पष्ट किया कि यह घेराव बस्तर संभाग के छात्रों के आक्रोश और उनकी एकजुटता का रूप होगा।

विशाल खंबारी ने बताया कि बीते 18 मई को एनएसयूआई के विश्वविद्यालय अध्यक्ष पंकज केवट, ब्लॉक अध्यक्ष कर्तव्य आचार्य, मॉडल कॉलेज अध्यक्ष हर्षु और छात्र नेता वैभव चौधरी सहित अन्य छात्रों ने शांतिपूर्ण ढंग से कुलपति को ज्ञापन सौंपा था। छात्रों की मांग स्पष्ट और अकादमिक हितों से जुड़ी थी। बेहतर शिक्षा, उत्तम परीक्षा और कोर्स पूरा होने के बाद ही सेमेस्टर परीक्षाओं का आयोजन होता है।

शिक्षाविद् होने के नाते कुलपति का दायित्व छात्रों की इन जायज चिंताओं का समाधान करना था। परंतु इसके विपरीत कुलपति ने न केवल छात्रों को धमकाया, बल्कि राजनीतिक द्वेष के चलते दुर्भावनापूर्ण तरीके से छात्र नेताओं पर एफआईआर दर्ज करवा दी।

उन्होंने चेतावनी देते कहा कि तानाशाही के खिलाफ लड़ना और छात्रों के अधिकारों की अंतिम सांस तक रक्षा करना एनएसयूआई के वैचारिक मूल में है।

## युकां और एनएसयूआई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से मांगा इस्तीफा

# कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, जलाया पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



युवा कांग्रेस तथा एनएसयूआई के संयुक्त तत्वाधान में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में नीट पेपर लीक, छात्रों पर लाठीचार्ज और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को हिरासत में लिए जाने के विरोध में राजीव भवन के समक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। इस दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर उग्र विरोध प्रदर्शन किया गया।

मौर्य ने कहा नीट पेपर लीक व छात्रों पर बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज के विरोध में प्रधानमंत्री आवास के सामने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी युवाओं का भविष्य बर्बाद करने को लेकर धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा की मांग कर रहे थे। लेकिन सरकार ने तानाशाही तरीके अपनाकर राहुल गांधी को हिरासत में ले लिया। इसके विरोध में कांग्रेस ने प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगते विरोध प्रदर्शन किया।

युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष निकेत राज झा तथा बस्तर जिला एनएसयूआई अध्यक्ष विशाल खंबारी ने कहा कि देश के लाखों छात्र-छात्राएं अपने भविष्य को संवारने के लिए वर्षों तक कड़ी मेहनत करते हैं। ऐसे में परीक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता या पेपर लीक की खबरें विद्यार्थियों के सपनों और उनके भविष्य पर सीधा आघात हैं। उन्होंने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन सरकार छात्रों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उनकी आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान पूर्व विधायक रेखचंद जैन, प्रेमशंकर शुक्ला, रामशंकर राव, कोमल सेना, प्रकाश नायडू, रविशंकर तिवारी, जाहिद हुसैन, अमरनाथ सिंह, सुभाष गुलाटी, अल्ताफ उल्ला खान, अनुराग महतो, नीतीश शर्मा, बलराम यादव, सूयार्पानी, संतोष सेठिया, फूलसिंह बघेल, दयाराम कश्यप, रोजविन दास, शादाब अहमद सहित अन्य मौजूद रहे।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से संकट में आएगी कृषि व्यवस्था : टिकैत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का कड़ा विरोध किया। संगठन ने इसे किसान, कृषि और देश के आर्थिक हितों के लिए घातक बताते हुए इस समझौते को तत्काल निरस्त करने की मांग की।

- राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन में कहा गया कि यदि यह व्यापार समझौता लागू होता है तो देश के मक्का उत्पादक किसानों, दुग्ध उत्पादकों तथा अन्य कृषि क्षेत्रों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। विदेशी आयात बढ़ने से किसानों की उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाएगा और देश की कृषि व्यवस्था पर गंभीर संकट उत्पन्न होगा। टिकैत ने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिला अध्यक्ष रमेश गोयल ने कहा कि यदि केंद्र और राज्य सरकार किसानों की मांगों की अनदेखी करती रही, तो टिकैत पूरे प्रदेश में व्यापक जनआंदोलन छेड़ने के लिए बाध्य होगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष रमेश गोयल, ग्रामीण जिला अध्यक्ष जगतु राम कश्यप, जिला उपाध्यक्ष बलीराम पुजारी, संभागीय प्रभारी सोनूराम कश्यप, संगठन मंत्री जगन्नाथ, मंडल अध्यक्ष बबलूराम बघेल, आरके कश्यप सहित किसान साथी उपस्थित रहे।

### स्मार्ट मीटर और बिजली की बढ़ी दरों का विरोध

ज्ञापन में संगठन ने किसानों के आंदोलनों पर दमनात्मक कार्रवाई, किसानों को जेल भेजने, जल-जंगल-जमीन एवं खनिज संपदा की सुरक्षा, खाद-बीज की उपलब्धता तथा किसानों की अन्य मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग की। स्मार्ट मीटर और लाइट की वृद्धि दरों पर भी विरोध किया है।

# जर्जर और उपेक्षित स्थलों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



एसबीआइ संजीवनी (क्लिनिक ऑन व्हील्स) एवं परिवर्तन समाज विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत बड़ेमुरमा, विकासखंड बस्तर में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत व्यापक स्वच्छता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- बड़ेमुरमा में क्लिनिक ऑन व्हील्स और परिवर्तन समिति का जागरूकता कार्यक्रम

कार्यक्रम के प्रथम चरण में ग्राम के सार्वजनिक नल, स्नानघर (बाथरूम) एवं आसपास के जर्जर एवं गंदगी से प्रभावित स्थानों की साफ-सफाई की गई। इस अभियान में परिवर्तन समाज विकास समिति की टीम, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ेमुरमा के छात्र-छात्राओं तथा ग्रामवासियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। स्वच्छता कार्य के पश्चात ग्रामीणों को अपने आसपास के सार्वजनिक स्थानों को हमेशा स्वच्छ रखने तथा स्वच्छ वातावरण से बेहतर स्वास्थ्य एवं आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य का संदेश दिया गया।

इसके उपरांत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ेमुरमा में विद्यार्थियों के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण, उनके उचित प्रबंधन तथा घर, विद्यालय एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को हाथ धोने की सही विधि (हैंड वॉश) का व्यावहारिक प्रदर्शन कर स्वच्छता संबंधी आवश्यक आदतों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बड़े मुरमा की सरपंच भगवती कश्यप, शिवम कश्यप, विद्यालय के प्राचार्य जीवन दास, व्याख्याता मनीष अहीर, डीके देवांगन, पी.आर. फरदिया की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर टीम से जिला समन्वयक सूरज पटनायक, डॉ. नूर आलम, डॉ. शमिल नाग, फार्मासिस्ट रविंद्र पोयाम, लैब टेक्नीशियन पल्लवी पांडे, स्टाफ नर्स सनबारी बघेल तथा पायलट अशोक बघेल उपस्थित रहे।

### बालिकाओं को दिए सेहत के टिप्स

कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें सेनेटरी पैड के सुरक्षित एवं वैज्ञानिक निस्तारण (डिस्पोजल) की सही प्रक्रिया समझाई गई, जिससे वे स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक हो सकें। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने हेतु विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों के साथ पौधारोपण भी किया गया। इस कार्यक्रम से ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों में स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक जागरूकता विकसित हुई।

# मनीराम अध्यक्ष, मोतीलाल सचिव एवं पुरुषोत्तम कोषाध्यक्ष चुने गए

**जगदलपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण ताटी ने बकावंड ब्लाक के बी आर सी कार्यालय में संघ बैठक में कहा कि संघर्ष काल के दौरान जो लोग चुप्पी साधे बैठे थे आज वही लोग सकारात्मक परिणाम आने पर श्रेय लेने की दौड़ में आगे हैं। किंतु इसमें चिंता करने जैसी कोई बात नहीं है। छत्तीसगढ़ के प्रायः सभी पेंशनर इस मामले से भली भांति वाकिफ हैं कि आखिर यह किसके संघर्ष का परिणाम है।

बैठक में ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन सर्व सम्मति से किया गया। संरक्षक शंभूनाथ कश्यप, मनीराम कश्यप अध्यक्ष, सचिव मोतीलाल शोरी, उपाध्यक्ष के एम खान, धीरनाथ बघेल, हरिश्चंद्र नाग, तोपन पाणिग्राही एवं टी एल बघेल तथा कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम माझी चुने गए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में वंश कुमार पाणिग्राही, बंधुलाल गागडे, मुकुंदराम कश्यप, टुसीराम नाग, जनार्दन जोशी, रामनारायन देवांगन, तुलाराम नाग एवं धृव कुमार बघेल चुने गए। बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा की गई। इस अवसर पर कुछ पेंशनर ने संगठन की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। बैठक में विजय चंद्र दास, एम डी राठौर धीरनाथ बघेल, हरिश्चंद्र नाग, तोपन पाणिग्राही बंधुलाल गागडे, मुकुंद राम कश्यप, टूसी राम नाग, जनार्दन जोशी, रामनारायण देवांगन, तुलाराम नाग, ध्रुव कुमार बघेल, जयमनी ठाकुर, सुकरी बघेल, शीला तारम के बेलसरिया सरोज साहू, भगवती नाग, लक्ष्मी कश्यप एवं उषा राठौर शामिल थे।




